**बिहार सरकार**
**विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग**

पत्र सं0– वि॰प्रा॰ (II) प्रशि॰नि॰व$^{2}$– 16/ 2011– /पटना, दिनांक

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0),बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग,पटना

विषय– विभागान्तर्गत 7 (सात) संचालित अभियंत्रण महाविद्यालयों के कम्प्यूटर प्रयोगशाला में अधिष्ठापित 30 कम्प्यूटर सिस्टम में प्रति संस्थान रू॰ 3,25,000=00 (तीन लाख पच्चीस हजार रूपये) मात्र की लागत से Language Lab. सॉफ्टवेयर के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु कुल रू॰ 22,75,000=00 (बाईस लाख पचहतर हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2015–16 में संबंधित संस्थानों को विमुक्त करने के संबंध में।

**आदेश– स्वीकृत।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वित्तीय वर्ष 2014–15 में विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–266, दिनांक 03.02.2015 के द्वारा विभागान्तर्गत 7 (सात) अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं 3 (तीन) राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों यथा एम॰आई॰टी॰, मुजफ्फरपुर, बी॰सी॰ई॰, भागलपुर, गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया, दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा, मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय, मोतिहारी, नालन्दा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, चण्डी, लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा, नवीन राजकीय पोलिटेकनिक, पाटलीपुत्र, राजकीय पोलिटेकनिक, गुलजारबाग एवं राजकीय पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर के कम्प्यूटर प्रयोगशाला में अधिष्ठापित 30 कम्प्यूटर सिस्टम में प्रति संस्थान रू॰ 3,25,000=00 (तीन लाख पच्चीस हजार रूपये) मात्र की लागत से Language Lab. सॉफ्टवेयर के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु कुल रू॰ 32,50,000=00 (बत्तीस लाख पचास हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2014–15 में संबंधित संस्थानों को विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। परंतु, उक्त के क्रय संबंधी निविदा का निष्पादन ससमय नहीं होने के फलस्वरूप संबंधित संस्थानों द्वारा राशि प्रत्यर्पित कर दी गई।

**2.** राज्य सरकार ने विभागान्तर्गत 7 (सात) संचालित अभियंत्रण महाविद्यालयों यथा एम॰आई॰टी॰, मुजफ्फरपुर, बी॰सी॰ई॰, भागलपुर, गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया, दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा, मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय, मोतिहारी, नालन्दा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, चण्डी तथा लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा के कम्प्यूटर प्रयोगशाला में अधिष्ठापित 30 कम्प्यूटर सिस्टम में प्रति संस्थान रू॰ 3,25,000=00 (तीन लाख पच्चीस हजार रूपये) मात्र की लागत से Language Lab. सॉफ्टवेयर के क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु कुल रू॰ 22,75,000=00 (बाईस लाख पचहतर हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2015–16 में संबंधित संस्थानों को विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की है।

**3.** उक्त स्वीकृत राशि, वित्तीय वर्ष 2015–16 के आयोजना व्यय आय–व्ययक के "मुख्य शीर्ष–4202 –शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष –02–तकनीकी शिक्षा, लघुशीर्ष–105 –इंजीनियरिंग/तकनीकी कॉलेज तथा संस्थान, मांग संख्या–43, उपशीर्ष–0102–पोलिटेकनिक /इंजीनियरिंग/ तकनीकी महाविद्यालय" के अधीन 52 01 मशीनें एवं उपस्कर विषयशीर्ष में तृतीय अनुपूरक के माध्यम से उपबंधित राशि से विकलनीय होगा जिसका विपत्र कोड– पी 4202021050102 है।

**4.** इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित संस्थानों के प्राचार्य होंगे।

**5.** इस राशि की निकासी राजकीय कोषागार, मुजफ्फरपुर/भागलपुर/गया/दरभंगा/मोतिहारी/हिलसा/ छपरा से की जायेगी।

**6.** उक्त राशि से सामग्रियों के क्रय हेतु बिहार (वित्त) संशोधित नियमावली–2005 का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा।

**7.** संबंधित संस्थानों के प्राचार्य, सॉफ्टवेयर के अधिष्ठापन संबंधी प्रतिवेदन वर्त्तमान वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

8. उक्त स्वीकृत राशि की निकासी, वित्तीय वर्ष 2015–16 में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित रहेगा।

9. यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या– 96 वि(2), दिनांक 03.01.2008 के आलोक में सक्षम प्राधिकार से अनुमोदनोपरांत आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जाता है।

10. वित्त विभाग के पत्रांक– 7355 वि(2), दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इस योजना के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/ –
(ओम प्रकाश राय)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञाप संख्या– वि०प्रा० (II) प्रशि०नि०व$^2$– 16/ 2011– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञाप संख्या– वि०प्रा० (II) प्रशि०नि०व$^2$– 16/ 2011– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, राजकीय कोषागार, मुजफ्फरपुर/ भागलपुर/गया/दरभंगा/ मोतिहारी/ हिलसा/छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के अपर सचिव

ज्ञाप संख्या– वि०प्रा० (II) प्रशि०नि०व$^2$– 16/ 2011– 797 /पटना, दिनांक– 16-3-016

प्रतिलिपिः– प्राचार्य, एम०आई०टी०, मुजफ्फरपुर, बी०सी०ई०, भागलपुर, गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया, दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा, मोतिहारी अभियंत्रण महाविद्यालय, मोतिहारी, नालन्दा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, चण्डी, लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान, छपरा, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/3/16

सरकार के अपर सचिव

16/3/16